**संलग्नक-I**

**[खंडI, पैराग्राफ 2(ए) देखें]**

**विनिमय गृहों के साथ रुपया/ विदेशी मुद्रा आहरण**
**व्यवस्था करने हेतु अनुमति प्राप्त करने के लिए आवेदन**

(ए) विनिमय गृहों के साथ रुपया/विदेशी मुद्रा आहरण व्यवस्था करने हेतु अनुमति प्राप्त करने का आवेदन निर्धारित फार्मेट (नीचे दिया गया है) में पूरा भर कर भारतीय रिज़र्व बैंक के विदेशी मुद्रा विभाग के उस क्षेत्रीय कार्यालय, जिसके अधिकार क्षेत्र में आवेदक[6] का पंजीकृत कार्यालय आता है, को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। आवेदक प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक के अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग प्रभाग/विदेशी विभाग के महाप्रबंधक (अथवा समतुल्य श्रेणी के किसी अधिकारी), द्वारा आवेदन हस्ताक्षरित होना चाहिए।

(बी) **प्रलेखीकरण**

प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक आवेदनपत्र के साथ निम्नलिखित प्रलेख प्रस्तुत करें:

(i) जहां विनिमय गृह स्थित है, वहां के केंद्रीय बैंक/देश के किसी अन्य पर्यवेक्षी प्राधिकरण द्वारा जारी लाइसेंस की प्रमाणित प्रति (अंग्रेजी पाठ)।

(ii) विनिमय गृह के देश में म्युनिसिपल प्राधिकारियों और / अथवा अन्य सरकारी विनियामक / नियंत्रक प्राधिकरण द्वारा जारी लाइसेंस (लाइसेसों) की प्रमाणित प्रति/प्रतियां (संयुक्त अरब अमीरात स्थित विनिमय गृहों पर लागू)।

(iii) विनिमय गृह द्वारा अपने देश में अपने ग्राहक को जानिये/धन शोधन निवारण/आतंकवाद के वित्तपोषण के प्रतिरोध संबंधी मानदंडों के अनुपालन के संबंध में सनदी लेखाकार से प्राप्त प्रमाणपत्र।

(iv) (ए) संबंधित देश में भारत के दूतावास और (बी) विनिमय गृह के दो बैंकरों द्वारा रिकार्ड किए गए गोपनीय अभिमत / रिपोर्ट की प्रमाणित प्रतियां।

(v) पिछले तीन वर्षों के लिए विनिमय गृह के लेखापरीक्षित तुलनपत्र और लाभ-हानि विवरण।

(vi) आहरण व्यवस्था करने हेतु प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक के बोर्ड के संकल्प की प्रति।

(vii) जहां कहीं आवश्यक हो, कोलेटेरल के प्रावधानों के साथ रुपया/विदेशी मुद्रा आहरण व्यवस्था के प्रस्ताव के संबंध में विनिमय गृह से प्राप्त पत्र की प्रति।

---

[6] 18 जुलाई 2014 का ए.पी.(डीआईआर सीरीज) परिपत्र सं. 7

**भाग I - आवेदक बैंक और उसकी वर्तमान व्यवस्था (व्यवस्थाओं), यदि कोई हो, के ब्योरे**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक बैंक का नाम | |
| 2. | वर्तमान व्यवस्था (व्यवस्थाएं)<br>(i) विनिमय गृह का नाम<br>(ii) कब से<br>(iii) अदाकर्ता शाखाओं की संख्या<br>(iv)पिछले तीन कैलेंडर वर्षों का कुल कारोबार | |
| 3(ए) | बहु विनिमय गृह आहरण व्यवस्था वाली शाखाओं के ब्योरे | |
| 3(बी) | इन शाखाओं में आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता के संबंध में अभिमत दें (यथावश्यक अनुलग्नक जोड़ें) | |
| 4. | पिछले पांच वर्षों (अप्रैल-मार्च) के दौरान वित्तीय हानि, यदि कोई, हुई हो<br>(i) वर्ष<br>(ii) विनिमय गृह का नाम<br>(iii) हानि राशि<br>(iv) हानि के ब्योरे<br>(v) भारिबैं के पास दर्ज़ रिपोर्ट की संदर्भ सं. और तारीख एवं बट्टे-खाते डालने की भारिबैं की अनुमति | |
| 5. | लंबित भुगतान के लिए विनिमय गृह (विनिमय गृहों) के साथ वित्तीय विवाद, यदि कोई हो-<br>(i) विनिमय गृह का नाम<br>(ii) हानि की अनुमानित राशि<br>(iii) हानि के ब्योरे<br>(iv) भारिबैं के पास दर्ज़ संदर्भ सं. और तारीख | |
| 6. | आंतरिक लेखापरीक्षकों, भारिबैंक के निरीक्षकों के साथ ही साथ समुद्रपारीय लेखापरीक्षकों द्वारा किए गए निरीक्षणों के दौरान वर्तमान आहरण व्यवस्था में पाई गई प्रमुख अनियमितताओं का, बैंक द्वारा शुरू किए गए सुधारात्मक उपायों को दर्शाते हुए, विनिमय गृह-वार सार प्रस्तुत करें। | |

**भाग ।।- प्रस्तावित आहरण व्यवस्था के लिए विनिमय गृह के ब्योरे**

| | | |
|---|---|---|
| 1(ए) | विनिमय गृह का नाम और पता, जिसके साथ बैंक द्‌वारा रुपया आहरण व्यवस्था करना प्रस्तावित है | |
| (बी) | विनिमय गृह की स्थापना की तारीख | |
| (सी) | विनिमय गृह की अन्य समूह कंपनियों के ब्योरे अर्थात नाम, प्रबंधन नियंत्रण, वित्तीय स्रोत और स्थिति, आदि का ब्योरा दें | |
| 2(ए) | क्या विनिमय गृह भारत में किसी बैंक के साथ रुपया आहरण व्यवस्था का परिचालन करता है? | |
| (बी) | यदि हां तो, बैंक/ बैंकों का नाम बताएं | |
| 3. | विनिमयगृह की प्रबंधन-संरचना के ब्योरे दें<br>(ए) विनिमयगृह की हैसियत (कंपनी, फर्म, संयुक्त उद्‌यम, आदि)<br>(बी) प्रबंधन किसके पास/किसमें निहित है<br>(सी) विनिमय गृह के प्रवर्तकों के कारोबार का नाम, राष्ट्रीयता और कारोबार का प्रकार<br>(डी) पूंजी धारिता का पैटर्न<br>(ई) क्या आवेदक बैंक का विनिमय गृह में कोई निवेश होगा? पूर्ण ब्योरा दें।<br>(एफ) क्या आवेदक बैंक की विनिमय गृह के प्रबंधन में कोई भूमिका होगी? ब्योरा दें। | |
| 4. | पिछले तीन कैलेंडर वर्षों के दौरान विनिमय गृह द्‌वारा अर्जित लाभ/हानि | |
| 5. | संबंधित देश के केंद्रीय बैंक/पर्यवेक्षी प्राधिकरण द्‌वारा जारी लाइसेंस के ब्योरे:<br>ए) लाइसेंस सं.<br>बी) जारी करने की तारीख<br>सी) वैधता अवधि<br>डी) कोई विशेष शर्त, यदि कोई हो | |
| 6. | म्युनिसिपल प्राधिकारियों और/अथवा अन्य सरकारी विनियामक / नियंत्रक प्राधिकरण द्‌वारा जारी लाइसेंस (लाइसेंसों) के ब्योरे (संयुक्त अरब अमीरात स्थित विनिमय गृहों पर लागू)।<br>ए) लाइसेंस सं.<br>बी) जारी करने की तारीख<br>सी) वैधता अवधि | |

| | | |
|---|---|---|
| | डी) कोई विशेष शर्त, यदि कोई हो | |
| 7. | निम्नलिखित द्वारा रिपोर्ट किया गया गोपनीय अभिमत<br>ए) संबंधित देश में भारत के दूतावास<br>बी) विनिमय गृह के बैंक<br>i) .............................<br>बैंकर का नाम<br>ii) ............................<br>बैंकर का नाम | |
| 8. | क्या आवेदक बैंक निम्नलिखित से पूरी तरह संतुष्ट है-<br>ए) विनिमय गृह का प्रबंध करनेवाली कंपनी/फर्म/लोगों की क्षमता<br>बी) विनिमय गृह के शेयरधारकों की वित्तीय स्थिति<br>सी) विनिमय गृह की वित्तीय स्थिति<br>डी) ड्राफ्टों को जारी करने के संबंध में विनिमय गृह में कार्यरत/परिचालित आंतरिक नियंत्रण प्रणाली | |
| 9. | विनिमयगृह के साथ हुई कोलेटरल व्यवस्था के ब्योरे दें (अर्थात जमाराशि, बैंक गारंटी, आदि) और उसका औचित्य | |

**भाग III- प्रस्तावित व्यवस्था के ब्योरे**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रस्तावित व्यवस्था के ब्योरे/ वर्णन | |
| 2(ए) | रुपया आहरण व्यवस्था के लिए कारण | |
| (बी) | कुल कारोबार का पूर्वानुमान (मासिक पूर्वानुमान की प्रमात्रा बताएं) | |
| 3. | प्रस्तावित रुपया आहरण व्यवस्था को चलाने की प्रक्रिया (डीडीए/नॉनडीडीए/स्पीड) | |
| 4. | खाता रखने वाली शाखा का नाम और पता | |
| 5. | प्रस्तावित रुपया आहरण व्यवस्था में शामिल की जाने वाली अदाकर्ता शाखाओं की संख्या | |
| 6. | क्या विनिमय गृह 7 दिनों के अनुमानित आहरणों के समतुल्य अतिरिक्त कोलेटरेल कवर देने के लिए तैयार है? (उन विनिमयगृहों पर लागू जिन्होंने अपने परिचालन के तीन वर्ष पूरे नहीं किए हैं।) | |
| 7. | कोई अन्य सूचना, जो बैंक अपने आवेदन के समर्थन में देना चाहता है। | |

हम एतद्द्वारा प्रमाणित करते हैं कि -

i) पूर्वोक्त विनिमय गृह के स्रोत और हैसियत को ध्यान में रख कर .............के साथ प्रस्तावित व्यवस्था पर सावधानीपूर्वक विचार किया गया है और हम विनिमय गृह के साथ सम्बद्ध व्यक्तियों/ फर्मों/कंपनियों की विश्वसनीयता और क्षमता से पूर्णत: संतुष्ट हैं।

ii) हमारी शाखाओं की अन्य विनिमय गृहों के साथ पहले से ही डीडी आहरण व्यवस्था है और जो उपर्युक्त विनिमय गृह अर्थात...............के साथ प्रस्तावित व्यवस्था के तहत शामिल किए जाने के लिए अब प्रस्तावित है, एक और विनिमय गृह से होने वाले कारोबार को करने के लिए पर्याप्त रूप से निपुण है।

iii) हमने पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण और जोखिम प्रबंधन प्रणाली निर्धारित/लागू की है, जो संतोषजनक रूप से कार्य कर रही है।

iv) हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए ब्योरे सत्य और सही हैं।

( )

महाप्रबंधक

पता

स्थान:

तारीख: